70 देशों के ग्राहकों ने देखा यूपी के 2500 उद्यमियों का हुनर

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ने इस साल कई कीर्तिमान रचे हैं। 5.5 लाख लोगों की मौजूदगी के बीच 4.25 लाख से अधिक बी-टू-बी और बी-टू-सी कारोबारी भी इसका हिस्सा बने। 70 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा विदेशी ग्राहकों ने भी मौजूदगी दर्ज कराई। इसके अलावा 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हुई।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के ये आंकड़े बताते हैं कि इस आयोजन ने प्रदेश के उद्यमियों और यहां के उत्पादों के लिए ग्लोबल मार्केट की राह आसान कर दी है। पहले संस्करण के बाद दूसरे संस्करण की इस ऐतिहासिक सफलता ने ब्रांड यूपी की छवि को वैश्विक स्तर पर स्थापित कर दिया है।

पहले संस्करण की तुलना में अधिक सफल रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024

इस आयोजन के जरिये दुनियाभर के खरीदारों ने यूपी के उत्पादों में दिलचस्पी दिखाई। प्रदेश के उत्पादों व उद्यमियों को एक नया और बड़ा बाजार मिल गया। ये अवसर बड़े शहरों में नहीं, छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में आकार लेंगे। इससे राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यूपी देश का पहला राज्य है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का ट्रेड शो आयोजित कर रहा है। इस बार प्रदेश के 2500 से अधिक उद्यमियों ने हुनर का प्रदर्शन किया। सभी 75 जिलों से 350 एक जिला एक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। पहली बार इस आयोजन में प्रदेश सरकार ने वियतनाम को पार्टनर कंट्री के रूप में जोड़ा, यह भी बड़ी उपलब्धि रही।

यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सभी के लिए अवसरों की टोकरी है। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय से वैश्विक के मंत्र को साकार करने वाला है। संसद टीवी के जरिये इसका प्रदर्शन होना चाहिए। **-जगदीप धनखड़**, उपराष्ट्रपति

इस ट्रेड शो की सफलता उत्तर प्रदेश की बढ़ती हुई ताकत को दर्शा रही है। यहां जिस तरह खरीदार आ रहे हैं और उत्पादों के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं, वह देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। **-पीयूष गोयल**, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

देश के आर्थिक विकास का रास्ता यूपी से जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर देने की वजह से उत्तर प्रदेश निवेशकों का चहेता डेस्टिनेशन बन चुका है। **-जीतनराम मांझी**, केंद्रीय एमएसएमई मंत्री